राजस्थान सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

Postal Reg. No. Jodhpur/448/2021-23

पेज 3 पर...



जोधपुर एक्सप्रेस

दैनिक सांयकालीन

जोधपुर, शुक्रवार 6 सितम्बर, 2024

Email : jodhpurexpres@gmail.com | वर्ष : 10 | अंक : 15 | मूल्य : 1.00 रुपया | कुल पृष्ठ : 4 | RNI NO. RAJHIN/2015/64136

### साहित्य अकादेमी अर राजस्थानी विभाग रौ आयोजन

# उदयपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय राजस्थानी युवा उच्छब कल से

**जोधपुर एक्सप्रेस न्यूज़**

उदयपुर । साहित्य अकादेमी नई दिल्ली अर राजस्थानी विभाग मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 'राष्ट्रीय राजस्थानी युवा उच्छब' मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के बप्पा रावल सभागार में आगामी 07 - 08 सितम्बर को आयोजित होगा। संयोजक डॉ. सुरेश सालवी ने बताया कि युवा-उच्छब का उदघाटन समारोह ख्यातनाम कवि-आलोचक प्रोफेसर ( डॉ.) अर्जुनदेव चारण, संयोजक - साहित्य अकादेमी की अध्यक्षता एवं मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ( डॉ.) सुनिता मिश्रा की मुख्य आतिथ्य में उद्घाटन समारोह सम्पन्न होगा। इस अवसर पर राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ.देव कोठारी विशेष अतिथि एवं डॉ.संजय कुमार शर्मा मौजूद रहेंगे।

इस दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा उत्सव में उद्घाटन एवं समापन समारोह सत्र के अलावा डॉ.गजेसिंह राजपुरोहित, डॉ. सुरेश सालवी, मधु आचार्य आशावादी एवं डॉ. अर्जुनदेव चारण की अध्यक्षता में छह तकनीकी सत्र होंगे, जिसमें प्रदेशभर से आमंत्रित युवा रचनाकारों में गौरीशंकर निमिवाल श्रीगंगानगर, पूनमचंद गोदारा बीकानेर, महेन्द्रसिंह छायण जैसलमेर, नंदू राजस्थानी टोंक, सोनाली सुथार बीकानेर, सूर्यकरण सोनी बांसवाड़ा, शकुंतला पालीवाल उदयपुर, शिवबोधी हनुमानगढ़, आशीष पुरोहित बीकानेर, देवीलाल महिया पाली, सिया चौधरी नागौर, कसान बोरावड़ जोधपुर, सपना वर्मा सीकर एवं राजेन्द्रदान देथा जयपुर आलोचनात्मक पत्र-वाचन वाचन के साथ-साथ अपनी रचनाओं का पाठ भी करेंगे।

इस उत्सव के दौरान 07 सितम्बर को सांय 05:15 बजे राजस्थानी भाषा-साहित्य के प्रतिष्ठित कवि-आलोचक एवं साहित्य अकादेमी के सर्वोच्च पुरस्कार से पुरस्कृत डॉ.गजेसिंह राजपुरोहित का 'इक्कीसवीं सदी रौ राजस्थानी युवा लेखन' विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन भी होगा जिसमें इक्कीसवीं सदी के राजस्थानी युवा लेखक एवं लेखन पर विस्तार से बात की जायेगी।

दो दिवसीय राष्ट्रीय राजस्थानी युवा उत्सव का समापन समारोह प्रख्यात कवि-कथाकार एवं पत्रकार मधु आचार्य आशावादी की अध्यक्षता एवं प्रख्यात कवि-आलोचक प्रोफेसर (डॉ.) माधव हाडा, सदस्य - सामान्य परिषद साहित्य अकादेमी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। इस अवसर पर मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कला संकाय अधिष्ठाता प्रोफेसर (डॉ.) हेमंत द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। साहित्यिक दृष्टि बहुत ही महत्वपूर्ण सिद्ध होने वाले इस दो दिवसीय राष्ट्रीय राजस्थानी युवा उत्सव में प्रदेश के अनेक भाषाओं के प्रतिष्ठित विद्वान लेखक, साहित्य प्रेमी, शोध-छात्र अर विधार्थी भाग लेंगे।